हरिभूमि

# जींद-कैथल भूमि

रोहतक, मंगलवार, 30 जनवरी 2024


तापमान

अधिकतम 19 .0 डिग्री

न्यूनतम 9 .0 डिग्री


8 अरविंद केजरीवाल विश्व का सबसे झूठा आदमी : बराला



8 मौसम में बदलाव से वायरल की चपेट में आ रहे लोग




## खबर संक्षेप

### घर में घुसकर फायरिंग का आरोपित गिरफ्तार

**जींद।** सिविल लाइन थाना पुलिस ने अर्बन इस्टेट में मकान में घुस कर फायरिंग कर आरोपित गिरफ्तार किया है। मोहनगढ़ हाल आबाद अर्बन एस्टेट निवासी विजेंद्र ने गत 14 अप्रैल को पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि उसके फोन पर कॉल आई थी कि मोनू साथियों के साथ उसके कार्यालय में शराब पी रहा है ओर उसे गोली मारने की बात कह रहा है। जिस पर उसने मोनू से फोन पर बात की।

### कंप्यूटर की टीएफटी चोरी का आरोपी काबू

**कैथल।** नागरिक अस्पताल की कोविड लैब से कंप्यूटर की टीएफटी स्क्रीन चोरी करने के मामले में एंटी थेफ्ट स्टाफ के एचसी अनिल कुमार की टीम द्वारा आरोपी जनकपुरी कालोनी कैथल निवासी वकील को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि प्रधान चिकित्सा अधिकारी सचिन मांडले की शिकायत अनुसार 26 जनवरी को अस्पताल के कमरा नंबर 8 में स्थित कोविड लैब से अज्ञात व्यक्ति कंप्यूटर की टीएफटी स्क्रीन चोरी करके ले गया।

### जींदः संदिग्ध हालात में महिला व युवती लापता

**जींद।** अलग-अलग स्थानों से महिला व युवती के गायब होने पर संबंधित थाना पुलिस ने शिकायतों के आधार पर मामले दर्ज किए हैं। गांव उझाना निवासी एक युवक ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत दिवस उसकी 20 वर्षीय चचेरी बहन घर से गायब हो गई। वहीं बरहाखुर्द निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत मे बताया कि गत 25 जनवरी को उसकी 26 वर्षीय पत्नी घर से गायब हो गई। पूछताछ करने पर महिला तथा युवती का कोई सुराग नहीं लगा।

## सड़क पर अचानक आई नील गाय, अनियंत्रित बाइक भिड़ी

# तीन परिवारों के वारिसों के लिए काल बनी नील गाय

### तीनों मृतक अपने परिवारों के इकलौते चिराग

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद

गांव ईगराह के निकट बीती रात दो बाइकों के बीच हुई भिडंत में तीन युवकों की दर्दनाक मौत से तीन परिवारों के चिराग बुझ गए। तीनों अपने परिवारों की इकलौते चिराग थे। अकाल मौत का कारण नील गाय बनी। जिससे टक्कर से बचाव के फेर में बाइक अनियंत्रित होकर आपस में टकरा गई। तीन युवकों की मौत से गांव में मातम पसर गया। शोक स्वरूप गांव में चूल्हा तक नहीं जला। एक साथ तीन युवकों की मौत से हर कोई घटना से हैरान था। गमगीन माहौल के बीच तीनों मृतक युवकों का सोमवार को गांव में अंतिम संस्कार दिया गया। गांव ईगराह निवासी प्रिंस (16) अपने दोस्त विकास के साथ रिश्तेदार को छोड़ने बस अड्डे पर गए थे। जिसके बाद दोनों वापस लौट आए थे लेकिन फिर दोनों वापस बस अड्डे की तरफ जाने ले। उसी दौरान गांव का ही जगबीर (24) अपनी ड्यूटी कर बाइक से घर लौट रहा था। गोदाम के निकट अचानक सड़क पर नील गाय आ गई। टक्कर से बचने के लिए बाइक अनियंत्रित होकर आपस में भिड़ गई। जिसमें तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रिंस तथा जगबीर की नागरिक अस्पताल में तो विकास की पीजाआई में मौत हो गई। तीनों मृतक अपने परिवारों के इकलौते चिराग थे। पि्ंरस तथा विकास दसवीं कक्षा के छात्र थे। जबकि मृतक जगबीर पेट्रोल पंप पर कार्य करता था। जगबीर को 15 दिन पहले बेटा पैदा हुआ था। पि्ंरस दो बहनों के बीच इकलौता भाई था। जबकि विकास तथा जगबीर को एक एक बहन है। इकलौते चिरागों के बुझने से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल था। यह परिजनों की समझ से परे रहा कि आखिर यह हादसा हुआ कैसे। जिस प्रकार से हादसे में तीन युवकों की जान गई, उससे अंदेशा जताया जा रहा है कि बाइकों की स्पीड तेज रही है। नील गाय के अचानक सड़क पर आने से बाइकें नियंत्रित नही हुई और आमने-सामने की भिडंत हो गई। हैलमेट न पहने होने कारण दोनों बाइकों पर सवार तीनों युवक सड़क पर जा गिरे और उनके सिर सड़क पर जा लगे। चोटें गहरी होने के कारण तीनों की मौत हो गई।



जींद। मृतक के शव का पोस्टमार्टम करवाने आए परिजन। फोटो :हरिभूमि



जींद। पोस्टमार्टम को लेकर कागजी कार्रवाई करते पुलिसकर्मी। फोटो :हरिभूमि

#### शवों का पोस्टमार्टम

सदर थाना के जांच अधिकारी वजीर ने बताया कि नील गाय अचानक सड़क पर आने के कारण हादसा हुआ है। जिससे बाइकों के बीच भिडंत हुई और गिरने से उन्हें गहरी चोटें लगी। मृतकों के शवों का पोस्टर्माटम करा परिजनों को सौंप दिया है।

#### गांव में पसरा मातम

तीन युवकों की मौत से गांव में मातम पसर गया। जिसे भी घटना के बारे में पता चला वह नागरिक अस्पताल की तरफ दौड पड़ा। काफी संख्या में ग्रामीण नागरिक अस्पताल में पहुंचे। मृतक विकास तथा प्रिंस में गहरी दोस्ती थी। दोनों हमउम्र होने के कारण 'यादातर साथ रहते थे। घटना से ग्रामीण भी हैरान थे। तीनों की मौत के चलते गांव चूल्हा तक नही जला।

# विधायक ने ठेकेदार को लगाई लताड़

■ टूटे पाइप को बदलवाने का कार्य करें वरना नियमानुसार कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸| ढांड

महा ग्राम योजना के तहत कौल में सीवरेज के चल रहे कार्य को लेकर ठेकेदार व संबंधित अधिकारियों पर विधायक रणधीर गोलन ने लताड़ लगाई। सोमवार को विधायक गांव में कई जगह शोक प्रकट करने पहुंचे थे, उस दौरान रास्ते में ग्रामीणों ने विधायक को रोककर ठेकेदार द्वारा अपनाई गई लापरवाही के बारे में अवगत कराया। ग्रामीण अनन्तराम वर्मा, बलवान सिंह, सतपाल सिंह, इश्म सिंह,प्रदीप नागल, रोशन कश्यप, पाला कश्यप कर्मबीर आदि ने बताया कि गांव में सीवरेज के चल रहे कार्य के दौरान ठेकेदार की लापरवाही ने कौल में सिंचाई विभाग द्वारा पहले से ही भूमिगत रजवाहे के पाइप को तोड़ दिया, उसके पश्चात ठेकेदार ने अपनी कमी को छुपाने के लिए टूटे पाइप को मिट्टी से छुपाने का काम किया। वहीं ग्रामीणों ने इसका विरोध किया और ठेकेदार से बनाने की बात की तो ठेकेदार ने बनाने से मना कर दिया। वहीं गांव में कई जगह शोक प्रकट करने पहुंचे विधायक रणधीर गोलन को ग्रामीणों ने रोककर ठेकेदार की लापरवाही को दिखाया, तो विधायक रणधीर गोलन ने मौके पर ही संबंधित अधिकारी को फोन पर निर्देश देते कहा कि टूटे पाइप को मंगलवार तक ही बदलवाने का कार्य करें। किसी प्रकार की कोई लापरवाही सहन नहीं होगी।



ढांड। सीवरेज के चल रहे कार्य का निरीक्षण करते विधायक रणधीर गोलन।

## जींद में हलकी बरसात, दिनभर सूर्य देवता के दर्शन को तरसते रहे लोग

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद

पश्चिमी विक्षोभ सोमवार को सक्रिय हुआ तो मौसम ने करवट ली और सुबह के समय हलकी फुहारें गिरी। दिनभर सूर्य देवता के दर्शन को लोग तरसते रहे। आखिरकार लगभग तीन बजे सूर्य देवता बादलों की ओट से निकले और कुछ समय के लिए धूप निकली। जिसके चलते लोग खुले में आ गए और धूप सेकने लगे। सोमवार को अधिकत तापमान 19 डिग्री रहा तो न्यूनतम तापमान 10 डिग्री के आसपास रहा। हवा की गति पांच किलोमीटर प्रति घंटा रही। हवा चलने के चलते धुंध 'यादा देखने को नहीं मिली। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार आगामी तीन फरवरी तक जिले में हल्की बूंदाबांदी देखने को मिल सकती है। पहाड़ों में बर्फबारी के चलते सोमवार को ठिठुरन बढ़ी लेकिन आगामी दिनों में तापमान बढ़ने के आसार हैं।



जींद। खेत में खिली फसल।

#### फसलों में पानी के लिए दो-तीन दिन का इंतजार करें किसान : डा. राजेश

पांडू पिंडारा विज्ञान केंद्र के मौसम वैज्ञानिक डा. राजेश कुमार ने बताया कि 31 जनवरी रात्रि से तीन फरवरी के दौरान बादलवाई देखने को मिलेगी और कहीं-कहीं हलकी बारिश भी होगी। दो फरवरी तक अधिकतम तापमान 17 से 18 डिग्री तो न्यूनतम तापमान सात से 10 डिग्री के बीच रहने की संभावना है। जिले में हलकी से मध्यम बारिश देखने को मिलेगी। किसान अपनी फसल में पानी देने की सोच रहे हैं तो दो-तीन दिन तक इंतजार करें।

### सीएससी संचालक को लुटेरे ने मारी गोली

**कैथल।** सोमवार सायं करीब 5:45 बजे नकाबपोश लुटेरे ने चंदाना रोड रेलवे फाटक के निकट सीएससी संचालक को गोली मार दी। गोली चेहरे के निकट लगने से संचालक बुरी तरह से जख्मी हो गया। उसे नागरिक अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार राकेश कुमार पुत्र श्री रामकरण उम्र 38 साल चंदाना गेट कैथल जो चंदाना रोड नजदीक रेलवे फाटक से पहले सीएससी सेंटर एक्सट्रीम कम्युनिकेशन पर बैठा था। उसी समय नकाबपोश व्यक्ति आया। आते ही उसने कहा कि गले से पैसे मांगे जितने पैसे हैं निकाल दो। उसने पैसे देने से मना कर दिया तो उसके ऊपर गोली चला दी जो राकेश कुमार के मुंह के ऊपर आंख के नीचे गोली के छर्रे लगे। इसके बाद आरोपी वहां से फरार हो गया।






## खबर संक्षेप

### पीएम ने छात्रों को दिए तनाव मुक्ति के मंत्र

**जींद।** महाराजा अग्रसेन वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा परीक्षा पर चर्चा के सातवें संस्करण का दिग्दर्शन छठी से 12वीं कक्षा तक के बच्चों को प्रोजेक्ट स्क्रीन के माध्यम से करवाया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य परीक्षा के प्रति बच्चों के मानसिक तनाव को कम करना व परीक्षा में सफलता प्राप्त करने व परीक्षा के समय अपने आप को कैसे स्वस्थ रखा जाए।

### शिविर में 63 युवाओं ने किया रक्तदान

**जुलाना।** जुलाना क्षेत्र के लजवाना खुर्द गांव में युवा संगठन द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में आरोग्यम अस्पताल के डायरेक्टर डा. योगेश नांदल ने शिरकत की। रक्तदान शिविर में 63 युवाओं ने रक्तदान किया। कार्यक्रम में रक्तदाताओं को बैज लगाकर सम्मानित किया गया। डा. योगेश नांदल ने कहा कि रक्तदान से शरीर में कोई भी कमी नही आती है।

### छात्रों ने परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम में लिया भाग

**नरवाना।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कार्यक्रम परीक्षा पर चर्चा दिल्ली के भारत मंडपम प्रगति मैदान में संपन्न हुआ। अध्यापक प्रदीप जागलान ने बताया की कार्यक्रम का लाइव प्रसारण राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बेलरखा के विद्यार्थियों एवं अध्यापकों ने देखा। कार्यक्रम की समाप्ति के बाद प्रधानाचार्य बलजीत गोयत ने विद्यार्थियों से चर्चा की।

### लोगों को वोटिंग मशीन से किया जा रहा जागरूक

**जींद।** आम मतदाताओं को इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन से मतदान करने की जानकारी देने के लिए जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में चीफ ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट हॉल में ईवीएम व वीवी पैट मशीन के बारे में जागरूक किया गया। इस कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी दानेश गुप्ता मौजूद रहे।

### हर वादे को जजपा कर रही पूरा : शीला भ्याण

**उचाना।** जजपा महिला विंग प्रदेशाध्यक्ष शहर के वार्ड नंबर-2 में आयोजित बूथ सखी कार्यक्रम में पहुंची। उचाना मंडी के अलावा सुदकैन खुर्द, काब्रच्छा गांव में ये कार्यक्रम आयोजित किए गए। शीला भ्याण ने कहा कि बूथ सखी कार्यक्रम पूरे प्रदेश में किए जा रहे है। महिलाओं को अधिक से अधिक कार्यक्रम से पार्टी से जोड़ा जा रहा है। हरी चुनरी चौपाल कार्यक्रम की शुरूआत दोबारा से विधायक नैना चौटाला की अगुवाई में फरवरी माह से की जाएगी।

### आदर्श पब्लिक स्कूल में शैक्षणिक प्रतियोगिता

**अलेवा।** नगूरां गांव के आदर्श पब्लिक स्कूल में फैडरेशन आफ प्राइवेट स्कूल एसोसिएसन ब्लाक अलेवा द्वारा शैक्षणिक प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लाक प्रधान होशियार सिंह चहल व जिला प्रधान त्रिलोक भारद्वाज ने की तथा मुख्यातिथि के रूप में समाजसेवी दिलबाग संडील ने भाग लिया।

### रंजिशन हमला कर घायल करने का लगाया आरोप

**जींद।** मैंगलपुर में रंजिशन हमला कर व्यक्ति को घायल करने पर सदर थाना नरवाना पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव मैंगलपुर निवासी सौरभ ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती रात उसका पिता बलवान दरवाजा बंद कर मकान में लेटा हुआ था। उसी दौरान गांव के ही कुलदीप ने आवाज देकर दरवाजा खुलवा लिया।

### गाड़ी को टक्कर मारने के आरोप में मामला दर्ज

**जुलाना।** एनएच 152डी पर टाटा गाड़ी को टक्कर मारने के आरोप में पुलिस ने अज्ञात ट्राला चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। रोहतक के गांधी नगर निवासी हर्ष ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह गाड़ी मोहाली से रोहतक की ओर जा रहा था। जब जुलाना के पास पहुंचा तो एक अज्ञात ट्राला चालक से उसकी टक्कर हो गई।

## अस्पताल में हर दूसरा मरीज पहुंच रहा बुखार उपचार के लिए

# मौसम में बदलाव से वायरल की चपेट में आ रहे लोग

- प्रतिदिन पहुंचते हैं 900 मरीज 250 मरीज सर्दी, बुखार से पीड़ित
- चिकित्सकों द्वारा वायरल पीड़ितों के करवाए जा रहे टेस्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

दो दिन निकली धूप के बाद फिर से कडाके की ठंड ने आमजन को मौसमी बीमारियों की चपेट में ले लिया है। सोमवार को अस्पताल खुलते ही मरीजों व उनके तिमारदारों की उपचार को लेकर लंबी लाइनें लग गई। ओपीडी में बुखार, सर्दी, जुखाम, कोल्ड, वायरल, खांसी, सांस लेने में दिक्कत, छोटे बच्चों को बुखार, सर्दी के मरीजों की संख्या 'यादा रही। इसमें सबसे 'यादा संख्या बुजुगोंर् व बच्चों की थी, जिन्हें सांस लेने में परेशानी थी। वहीं छोटे-छोटे बच्चे बुखार व सर्दी, खांसी से पीड़ित थे। पर्ची काउंटर पर ओपीडी पर्ची के लिए लंबी लाइन लग गई जो दोपहर एक बजे तक लगी रही। वहीं दवा खिड़की पर भी दवा लेने के लिए लोगों की भीड़ लगी रही। चिकित्सकों के अनुसार सर्दियों के मौसम में वायरल इंफेक्शन होने का खतरा रहता है। इसलिए ठंड में सेहत का विशेष ध्यान रखें। खासकर बच्चों और बुजुगोंर् का। क्योंकि इस मौसम में जरा सी लापरवाही कोल्ड डायरिया से लेकर निमोनिया का कारण बन सकती है। सर्दी से बचने के लिए सुबह शाम टहलने से बचें। धूप निकलने पर ही घर से निकलें। नागरिक अस्पताल नई बिल्डिंग में प्रतिदिन 900 से अधिक पर्ची बन रही है। सोमवार व शनिवार को यह संख्या एक हजार से ऊपर तक पहुंच जाती है। इनमें से लगभग 250 मरीज ऐसे हैं जिन्हें वायरल है या फिर सर्दी, खांसी, जुखाम है। वहीं पिछले एक सप्ताह से मौसम लगातार परिवर्तनशील बना हुआ है। गत 26 व 27 जनवरी को सूर्य देवता के दर्शन हुए और पूरा दिन अच्छी धूप निकली। जिससे तापमान में भी इजाफा हुआ। इसके बाद 28 व 29 नवंबर को कडाके की ठंड पड़ी और धूप भी नही निकली। जिससे अधिकतम व न्यूनतम तापमान फिर से कम आ गया। इस मौसम के बदलाव के चलते लोग एक बार फिर से ठंड की चपेट में आ गए। अस्पताल में सर्दी, जुखाम, बुखार के मरीजों की संख्या बढ़ गई है। जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल में 200 से 250 मरीज ऐसे पहुंच रहे हैं जिन्हें या तो बुखार है या फिर सर्दी या खांसी है।

**ये वायरल बुखार के लक्षण**

नागरिक अस्पताल के एमएस डा. राजेश भोला ने बताया कि वायरल बुखार के मुख्य लक्षण गले में खराश और कंपकपी, खांसी, जुखाम, तेज बुखार, थकान, जोड़ों में दर्द, मांसपेशियों व बदन में दर्द, सिर और गले में दर्द, आंखें लाल होना आदि हैं। ऐसे में तुरंत प्रभाव से चिकित्सक की सलाह लेकर दवा लेनी चाहिए। बच्चों तथा वृद्धों के स्वास्थ्य व स्वच्छता का विशेष ध्यान रखना चाहिए।



जींद। नागरिक अस्पताल में दवा खिड़की पर लगी भीड़। फोटो :हरिभूमि

**इन बातों का रखें ध्यान**

नागरिक अस्पताल के एमएस डा. राजेश भोला ने बताया कि ठंड से बचने के लिए कई परत में गर्म कपड़े पहनें। गर्म पानी का सेवन करें। ठंडा पानी नुकसान पहुंचा सकता है। सर्दी से बचने के लिए मुंह और सिर ढके रहें। मास्क अवश्य पहनें। यह कोरोना के साथ अन्य संक्रामक बीमारियों से बचाएगा। शारीरिक स्वच्छता पर विशेष ध्यान दें। इस मौसम में ठंड से बचाव बेहद जरूरी है।


जींद। नागरिक अस्पताल में टेस्ट रिपोर्ट लेने के लिए लगी लाइन।

**तुरंत चिकित्सक से उपचार करवाएं : डा. भोला**

नागरिक अस्पताल के एमएस डा. राजेश भोला ने बताया कि ठंडा मौसम वारयल फीवर का कारण बना हुआ है। इस मौसम में लोगों को खांसी, जुखाम, बदन दर्द, गला दर्द जैसी कई समस्याएं होती हैं। इसमें होने वाला वायरल फीवर हमारे इम्यून सिस्टम को कमजोर कर देता है, जिसकी वजह से शरीर में इंफेक्शन बहुत तेजी से बढ़ता है। वायरल के संक्रमण बहुत तेजी से एक इंसान से दूसरे इंसान तक पहुंच जाता है। ऐसे में हमे विशेष ध्यान रखने की जरूरत होती है। वायरल होने पर तुरंत चिकित्सक से उपचार करवाना चाहिए और साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखना चाहिए।


उचाना। बाबा प्रेमनाथ खेल अकादमी में खिलाड़ियों से रूबरू होते हुए भाजपा पूर्व प्रदेशाध्यक्ष सुभाष बराला। फोटो :हरिभूमि

# अरविंद केजरीवाल विश्व का सबसे झूठा आदमी : बराला

- कहा : वर्तमान का किसान आंदोलन राजनीति से प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना

केंद्र सरकार पांच वायदे पूरे करने पर राजनीति छोड़ने के अरविंद केजरीवाल के बयान पर सुभाष बराला ने कहा कि जो राजनीति छोड़ने की बात अब कह रहे है। वो कहते थे कि मेरी सरकार बनाओंगे तो किसी तरह की गाड़ी, बंगला सहित अन्य सुख सुविधा नहीं लूगां। अब किस प्रकार के महल बनाए जा रहे है। करोड़ रुपए के महल दिल्ली की जनता की खून पसीने की कमाई केजरीवाल ने खड़े किए।

शुरू में एक वायदा किया था जब दिल्ली में अलपत मत की सरकार बनने जा रही थी तो इसने कहा था कि मैं अपने बच्चों की कसम खाता हूँ कि कांग्रेस के साथ कभी नहीं जाऊंगा। उस समय भी कांग्रेस के साथ गया थोड़े दिन बाद फिर तोड़ दिया। अब आईएनडीआईए गठबंधन का हिस्सा ये बनकर आया है। इसलिए अरविंद केरजीवाल दुनिया का सबसे झूठा आदमी है। वे पुलिस थाना के सामने जगदीप डूमरखा की माता लक्ष्मी देवी के निधन पर शोक प्रकट करने आए हुए थे। 13 फरवरी को किसान संगठनों के दिल्ली जाने के आह्वान पर भाजपा पूर्व प्रदेशाध्यक्ष सुभाष बराला ने कहा कि किसान एक लंबे समय से किसी न किसी समस्या से जूझता रहता है। अब जो वर्तमान में केंद्र, प्रदेश सरकार ने किसान के लिए, किसान के भले के लिए काम करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी है। फसलों की बिक्री की बात हो या लाभकारी मूल्य की बात हो, किसान को समय पर खाद, बीज, दवा मिलना हो। हर तरह से किसान की सुविधा का ख्याल हमारी सरकार रख रही है। हरियाणा ऐसा प्रदेश है जहां पूरे देश में सबसे अधिक फसलों को एमएसपी पर खरीदा जाता है। वर्तमान जो किसान आंदोलन है वो कहीं ना कहीं राजनीति से प्रेरित नजर आता है। इंडिया गठबंधन पर बोलते हुए बराला ने कहा कि इंडिया गठबंधन केवल और केवल भाजपा के विरोध में बना है।

# नेट-पीएचडी पास छात्राएं सम्मानित

- किड्स मेलोडी स्कूल में सम्मान समारोह का आयोजन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना

कस्बे की मानव मित्र मंडल शाखा ने शैक्षणिक प्रोत्साहन कार्यक्रम के अंतर्गत राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण व पीएचडी छात्राओं के सम्मान में किड्स मेलोडी स्कूल में एक कार्यक्रम का आयोजन किया। मंडल सचिव नरेश वत्स ने बताया कि संस्था की निशुल्क कोचिंग कक्षाओं की शिक्षण दल की सदस्या संतोष गर्ग, छात्रा सुगंध गर्ग ने वाणि'य विषय में तथा अदिति शर्मा ने समाजशास्त्र विषय में प्रतिष्ठित नेट परीक्षा उत्तीर्ण की। इसके अतिरिक्त रानू श्योराण ने गणित विषय में पीएचडी की उपाधि प्राप्त की। इन चारों के सम्मान के लिए कार्यक्रम आयोजित किया गया। समारोह का आरंभ सचिन शर्मा के प्रेरणादायक गीत से हुआ। राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार विजेता नरेंद्र गर्ग ने मानव मित्र मंडल के द्वारा महिला शिक्षा के क्षेत्र में किये जा रहे कार्योर् की सराहना की। संजय भारद्वाज ने पुरस्कृत छात्राओं की शैक्षणिक योग्यता पर प्रकाश डाला। विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना के तहत छात्रा 'योति को 11000 रू की छात्रवृत्ति प्रदान की गई। वरिष्ठ सदस्य महावीर गुप्ता ने आभार ज्ञापित किया। इस अवसर पर दिनेश गोयल, राजेन्द्र गर्ग, यशपाल आर्य, अचल मित्तल, राजेश सिंगला, पंकज चौधरी, सुमित शर्मा, राजेश गोयल, रमेश वत्स, वीनस चोपडा मौजूद रहे।


नेट व पीएचडी की परीक्षा उत्तीर्ण करने वाली छात्राओं के साथ मानव मित्र मंडल के सदस्य।

### नेशनल साम्बो चैंपियनशिप में छात्रा नूर ने जीता स्वर्ण

**जींद।** हाल ही में महाराष्ट्र के औरंगाबाद में साम्बो इंडिया एसोसिएशन एसआईए द्वारा 26 से 28 जनवरी तक आयोजित हुए नेशनल साम्बो चैंपियनशिप के 51 किलोग्राम भार वर्ग में धिमाना राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की छात्रा नूर ने स्वर्ण पदक जीत कर जिले व प्रदेश का नाम रोशन किया है। खिलाड़ी नूर की इस सफलता पर प्राचार्या पूनम गुप्ता ने शुभकामनाएं देते हुए उनके उ'जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने बताया कि छात्रा नूर ने छोटी सी आयु में सभी अपनी प्रतिभा का परिचय देकर स्कूल व जिले का नाम पूरे प्रदेश व देश में रोशन किया है। उन्हें गर्व है कि खिलाड़ी नूर अन्य छात्राओं के लिए भी प्रेरणा बनी हैं। पूर्ण विश्वास है कि खिलाड़ी नूर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक जीत कर देश का नाम रोशन करेगी। खिलाड़ी नूर ने अपनी सफलता का श्रेय प्राचार्या पूनम गुप्ता, प्रशिक्षक व परिजनों को दिया है।

# एसपी ने दी धावक नरेंद्र को बधाई

- नरेंद्र ने 42.195 किलोमीटर दौड चार घंटे 48 मिनट में की पूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

43 वर्ष की उम्र में जींद के युवक ने 42.195 किलोमीटर लगातार दौड लगा कर जिले को गौरवान्वित किया है। नरेंद्र चौहान ने गत 21 जनवरी को छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस मुंबई में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज द्वारा आयोजित की गई 42.195 किलोमीटर मैराथन दौड़ में हिस्सा लेकर उसे पूरा करने पर मेडल हासिल किया है। यह दौड़ उसने 4 घंटे 48 मिनट व 17 सेकंड में बिना रुके दौड़ते पूरी की है। जिस पर पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार ने उन्हें इस सफलता पर बधाई दी है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि 43 वर्ष की उम्र में नरेंद्र ने 42.195 किलोमीटर दौड़ लगा कर जिले को गौरवांवित किया है जो आज के युवाओं के लिए प्रेरणादायक है। जींद के युवा मेहनती व हौंसला रखने वाले हैं जो हर प्रकार की चुनौती का सामना कर सकते हैं। उन्होंने युवाओं को सलाह दी कि वे नशे की तरफ ना भागें और कड़ी मेहनत करके अपने भविष्य को संवारने का प्रयास करें। मैराथन धावक नरेंद्र चौहान ने बताया कि वह हर रोज सुबह तीन बजे उठता है और अर्जुन स्टेडियम में दौड़ लगाता है व अनेक बार स्टेडियम के 400 मीटर ट्रैक के 110 चक्कर लगा चुका है। वह मैराथन में 42 किलोमीटर दौड़ने के लिए 44 किलोमीटर दौड़ कर तैयारी करता है।



जींद। नरेंद्र चौहान को सम्मानित करते एसपी अमित कुमार।



जींद। कार्यक्रम के दौरान पोस्टर दिखाते छात्राएं। फोटो :हरिभूमि

### छात्रों को नशे से दूर रहने का दिलाया संकल्प

**जींद।** छोटू राम किसान महाविद्यालय में राष्ट्रीय युवा दिवस पखवाडा अभियान के तहत रैड रिबन क्लब द्वारा विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एचआईवी एडस पर जागरूकता व्याख्यान, नेल एक्ट, हैल्पलाईन नंबर 1097, हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। कॉलेज प्राचार्य डा. कुलबीर रेढू ने विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत करवाया। रैड रिबन क्लब की संयोजक डा. मिनाक्षी मलिक ने विद्यार्थियों को शपथ दिलाई की वो नशे से हमेशा दूर रहेंगे और दूसरों को भी नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करेंगे।

# विवाह अधिनियम को लेकर की चर्चा

- वर्तमान हिंदू विवाह अधिनियम में सुधार की आवश्यकता : धर्मपाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सर्वजातीय 28 कंडेला खाप की बैठक खाप प्रधान धर्मपाल कंडेला की अध्यक्षता में कंडेला गांव में संपन्न हुई। इसमें सभी सेलों तथा खाप सदस्यों ने भाग लिया। बैठक में हिंदू विवाह अधिनियम को लेकर विचार किया गया। प्रधान धर्मपाल कंडेला ने कहा कि आज की युवा पीढ़ी भारतीय समाज दर्शन की आदर्श विवाह पद्धति को छोड़ कर समगोत्र एक गांव तथा माता-पिता की सहमति के बिना विवाह कर रही है और रिलेशन में रह कर माता-पिता से खतरा बता कर सरकार से सुरक्षा की मांग की जाती है। सुरक्षा की मांग में अधिक बढ़ोत्तरी होने पर न्यायालय ने भी कुछ दिन पहले गहरी चिंता प्रकट की है। खाप उपप्रधान दयानंद नंबरदार ने बताया कि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सर संघ संचालक मोहन भागवत के जींद में तीन दिन के प्रवास के दौरान कंडेला खाप, बिनैण खाप और दाड़न खापों ने शिष्टाचार भेंट की और कंडेला खाप ने मोहन भागवत के साथ विचार सांझा करते हुए बताया कि सामाजिक, नैतिक और परिवारों में आदर्श मूल्य में गिरावट एक चिंता का विषय है। वर्तमान हिंदू विवाह अधिनियम में सुधार की आवश्यकता है। सर संघ संचालक ने खापों के साथ बात करते हुए सामाजिक समरसता व सद्भावना पर विचार सांझा किए।



जींद। बैठक में भाग लेते सर्वजातीय 28 कंडेला खाप के सदस्य। फोटो :हरिभूमि


जींद। छात्रा को सम्मानित करते बिजली मंत्री रणजीत सिंह। फोटो :हरिभूमि

### डीएन स्कूल की छात्रा गणतंत्र दिवस समारोह में सम्मानित

**जींद।** डीएन मॉडल स्कूल की प्रतिभाशाली छात्रा सरोज को जिला प्रशासन द्वारा आयोजित जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। छात्रा सरोज ने दसवीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा मार्च 2023 में 500 में 497 प्राप्त करके हरियाणा में तीसरा स्थान प्राप्त किया था। इस उपलब्धि के लिए छात्रा को मुख्यअतिथि बिजली मंत्री रणजीत सिंह ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। विद्यालय प्राचार्या राज रेढू और निदेशक वीरेंद्र ढिल्लो ने छात्रा की इस उपलब्धि के लिए शुभकामनाएं देते सभी छात्रों को इसी तरह मेहनत करते रहने के लिए कहा।

## अखिल भारतीय साहित्य परिषद् ने मनाया जन-गण के राम पर्व

# रामायणकालीन जनजीवन समाज के लिए आदर्श

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

अखिल भारतीय साहित्य परिषद जीन्द इकाई ने गणतंत्र दिवस के बाद भी भारतीय गरिमा के अनुसार 29 जनवरी तक मनाए जाने वाले समारोहों की अवधि में जन-गण के राम पर्व का आयोजन किया। गणतंत्र दिवस की राष्ट्रभक्ति में रामभक्ति का समावेश पर्व का विशेष आकर्षण था। अखिल भारतीय साहित्य परिषद जींद ईकाई के अध्यक्ष और साहित्यकार, शिक्षाविद् डा. मंजूलता ने सबका स्वागत करते कहा कि यह दिन उन महापुरुषों की याद में मनाया जाता है, जिन्होंने देश को स्वतंत्रता दिलाने के बाद भी एक सशक्त और समृद्ध गणराज्य बनाने की राह में काम किया। भारतीय संविधान को लागू करने के बाद भारत गणराज्य बना। विभिन्न धर्मों, भाषा, क्षेत्र, जातीय समुदायों और परंपराओं की खोज करके भारत की समृद् सांस्कृतिक परंपरा का जश्न मनाने का दिन है। पर्व का शुभारंभ श्रीराम के सम्मुख दीप प्रज्जवलन के साथ जय श्रीराम के उच्चारण में वंदे मातरम के स्वर मिलाते हुए हुआ। परिषद की महामंत्री वरिष्ठ साहित्यकार मंजू मानव ने कार्यक्रम का संचालन किया। मुख्यअतिथि महेश ने गणतंत्र दिवस और रामोत्सव दोनों पर्वों के संयोजित रूप जन-गण के राम की सराहना करते कहा कि यह उत्सव सार्थकता को पा गया। रामायणकालीन यज्ञीय सभ्यता व संस्कृति ही उस युग के उत्कृष्ट जीवन मूल्यों, रहन-सहन, खान-पान, आचरण, भौतिक समृद्धि तथा सामाजिक संस्कारों का मूल आधार थी। इसी कारण युगों बाद भी आज रामायणकालीन जनजीवन मानव समाज की आदर्श आचार संहिता मानी जाती है। रामायण यज्ञीय सभ्यता का ही अनुसरण कर हम सब अपनी वर्तमान की विकृत सामाजिक व्यवस्था को दूर कर एक सभ्य समाज का निर्माण कर सकते हैं।

आज आधुनिक सभ्यता के वर्तमान दौर में हम लोग जिस तरह अंधविकास में दौड़ लगा रहे हैं, विश्व को विकास नहीं वरन विनाश की तरफ बढ़ा रहा है। विशिष्ट अतिथि रमेश सिंगला ने अपने राम भूमि के अनुभवों को विस्तारपूर्वक वर्णित किया। इस मौके पर प्रियंका, हिमांशु, डा. सुनील, दीपक, 'योति आदि मौजूद रहे।


जींद। कार्यक्रम में भाग लेते अखिल भारतीय साहित्य परिषद के सदस्य।


जींद। हवन यज्ञ में आहुति डालती एनएसएस प्रभारी। फोटो :हरिभूमि

### शिक्षा बेटी और बेटे दोनों के लिए आवश्यक : नीलम

**जींद।** राजकीय महिला कालेज में सोमवार को सात दिवसीय एनएसएस शिविर का शुभारंभ हवन द्वारा किया गया। हवन में राजकीय महिला महाविद्यालय जींद के प्राचार्य जयनारायण गहलावत, एनएसएस प्रभारी डा. प्रतिभा दलाल, डा. सुमन, 'योति तथा डा. रीतू और सभी स्वयं सेविकाओं ने भाग लिया। प्राचार्य द्वारा स्वयंसेविकाओं का मार्गदर्शन किया। मुख्य अतिथि के रूप में एनएसएस कोऑर्डिनेटर डा. जितेंद्र कुमार ने शिरकत की। उन्होंने स्वयंसेविकाओं को एनएसएस के मूल भाव उद्देश्य तथा सामाजिक महत्व के प्रति जागरूक किया। इसके बाद पिंडारा गांव में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ विषय पर जागरूकता रैली निकाली। सरपंच नीलम कुमारी द्वारा स्वयंसेविकाओं को संबोधित करते हुए कहा कि महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं। शिक्षा बेटी और बेटे दोनों के लिए आवश्यक है। इसके बाद स्वयंसेविकाओं ने आगे की रणनीति निर्धारित की। प्रथम दिन सभी स्वयं सेविकाओं ने उत्साह से काम किया।

## खबर संक्षेप

### कैथल में नशा न करने के प्रति किया जागरूक

**कैथल।** सोमवार को जागरूकता टीम में शामिल इंस्पेक्टर सतीश कुमार, पीएसआई रामलाल, एचसी सुखबीर सिंह, एचसी सुनील कुमार ने चीका के वार्डो व देवीलाल पार्क चीका तथा हनुमान वाटिका कैथल में आमजन को नशे के प्रति जागरूक किया। इस अभियान को सफल बनाने में आमजन से सहयोग की अपील की है।

### छात्रों ने किया जाखौली स्कूल का भ्रमण

**राजौंद।** राजकीय उच्च विद्यालय किच्छाना के 28 छात्र-छात्राओं ने विद्यार्थी मिलन कार्यक्रम के अंतर्गत आदर्श सीनियर सेकेंडरी स्कूल जाखौली का भ्रमण किया। इस दौरान विद्यार्थियों का स्कूल में पहुंचने पर वहां के स्टाफ व विद्यार्थियों ने स्वागत किया। बच्चों ने आदर्श स्कूल के कंप्यूटर रूम, लाइब्रेर, विज्ञान प्रयोगशाला, म्यूजिक कक्ष हाल का भ्रमण किया।

### लकड़ी से खिलौने बनाना सीख रहे युवा

**ढांड।** खादी और ग्रामोद्योग आयोग अंबाला द्वारा प्रायोजित युवा विकास केंद्र चंदलाना में ज्योति ग्रामीण विकास मंडल जाखौली द्वारा आयोजित अल्प अवधि हस्तकला शिविर में युवा कारीगर लकड़ी से बनने वाले खिलौनों का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। प्रशिक्षक एवं डिजाइनर सनातन मंडल ने कारीगरों को संबोधित किया।

### चेक बाउंस मामले में उद्घोषित आरोपी काबू

**कैथल।** पीओ पकडो स्टाफ इंचार्ज एसआई ओमप्रकाश की अगुवाई में पुलिस द्वारा चेक बाउंस मामले में एएसआई रणदेव सिंह द्वारा आरोपी गांव भुना निवासी धर्मवीर को गिरफ्तार किया गया। जो आरोपी धर्मवीर वर्ष 2022 दौरान चेक बाउंस मामले में माननीय अदालत द्वारा 8 जनवरी 2024 को पीओ घोषित किया गया था। पुलिस द्वारा नियमानुसार आगामी कार्रवाई की जा रही है।

### दो तक व्यावसायिक मार्गदर्शन वीक

**कैथल।** सहायक रोजगार अधिकारी रविंद्र कुमार ने बताया कि 2 फरवरी तक जिला रोजगार कार्यालय, स्थानी जाट सी.सै.स्कूल, राधा कृष्ण सि.सै.स्कूल, माईलस्टोन स्कूल, आर्यन इंटर नेशनल स्कूल, आर.के.एस.डी. सि.सै.स्कूल कैथल में व्यवसायिक मार्गदर्शन वीक का आयोजन किया जाना है।
सोमवार को जाट सि.सै.स्कूल कैथल में व्यावसायिक मार्गदर्शन का आयोजन किया गया।

### सड़कों पर फैली गंदगी को साफ किया

**पूंडरी।** समाजसेवी सतपाल जांबा ने अपनी टीम के साथ गांव डीग की गलियों और सड़कों पर फैली गंदगी को साफ किया। ग्रामीणों द्वारा गांव की सार्वजनिक स्थानों, सड़कों के साथ गंदगी डालकर ढेर लगाए हुए थे। जिन्हें सतपाल जांबा ने अपने लगभग 100 सफाई कर्मचारियों और ग्रामीण के सहयोग से सफाई की। गंदगी को गांव से उठाकर बाहर ट्रैक्टर-ट्रालियों से डाला गया। इस अभियान में सरपंच रोहतास का भी काफी सहयोग रहा।

### परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम आयोजित

**कैथल।** आरोही वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ग्योंग में विद्यालय के विद्यार्थियों को परीक्षा पर चर्चा 2023 के सातवें संस्करण को विद्यालय के हॉल में लाइव दिखाया गया। सर्वप्रथम विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ मनीष सिंगला ने विद्यार्थियों को संबोधित किया। इसके उपरान्त भाजपा राज्य लीगल सेल से नरेंद्र गुज्जर ने बच्चों को परीक्षा की तैयारी के बारे में टिप्स दिए।इसके उपरांत विद्यालय में कार्यरत हिंदी प्राध्यापक डॉ विजय चावला के मार्गदर्शन में तैयार कक्षा ग्यारहवीं की छात्रा अर्पिता द्वारा परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम हेतु तैयार वीडियो लाइव दिखाई गई। डॉ चावला ने बच्चों को बताया कि मोदी जी के सबका साथ-सबका विकास मूल मंत्र का ही एक हिस्सा है परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम।

# सेवानिवृत एसडीओ चंद्रशेखर सहारण संभालेंगे जाट संस्था की कमान, प्रशासन ने सौंपी जिम्मेदारी

जिला रजिस्ट्रार फर्म एवं सोसायटी ने लिया फैसला

सूरज सहारण ⏭कैथल

जाट हाई स्कूल सोसायटी एडहॉक कमेटी के पदाधिकारियों का कार्यकाल समाप्त होने तथा अभी तक आगामी चुनाव न होने के कारण जिला प्रशासन द्वारा सेवानिवृत एसडीओ चंद्रशेखर सहारण को संस्था का प्रशासक नियुक्त किया है। सहारण की नियुक्ति जिला रजिस्ट्रार फर्म एवं सोसायटी द्वारा की गई है। हालांकि हाई स्कूल सोसायटी की पूर्व की गवर्निंग बॉडी द्वारा संस्था का चुनाव करवाने को लेकर कार्रवाई की गई थी। इसे लेकर सभी तैयारियां करे हुए चुनाव का शेडयूल भी जारी कर दिया गया था लेकिन बाद में संस्था के कुछ सदस्यों द्वारा कोलाजियम गठन में अनियमितता व भाई भतीजावाद को लेकर जिला रजिस्ट्रार फर्म एवं सोसायटी कार्यालय कैथल में इस चुनाव को चुनौती दी थी।

## जाट हाई स्कूल सोसायटी एडहॉक कमेटी के पदाधिकारियों का कार्यकाल समाप्त

### एडहाक कमेटी चुनाव करवाने में असफल रही

गौरतलब है कि 14 फरवरी 2022 को नियुक्त किए गए पूर्व एचसीएस अधिकारी मांगे राम द्वारा भी चुनाव न करवाए जाने को लेकर जिला रजिस्ट्रार फर्म एवं सोसायटी द्वारा सात सदस्यीय एडहाक कमेटी गठित की गई थी लेकिन एडहाक कमेटी भी चुनाव करवाने में असफल रही। इस प्रकार अब पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के आदेशानुसार जिला रजिस्ट्रार फर्म एवं सोसायटी द्वारा 1 सितंबर को प्रशासनिक अधिकारी तहसीलदार डा. अनिल बिढान को जाट हाई स्कूल सोसायटी का प्रशासक नियुक्त किया गया है। अब डा. अनिल बिढान के स्थान पर सेवानिवृत एसडीओ चंद्रशेखर सहारण को जाट हाई स्कूल सोसायटी का प्रशासनिक अधिकारी नियुक्त किया गया है। गौरतलब है कि चंद्रशेखर सहारण एक कर्मठ, ईमानदार व निष्ठावान अधिकारी के रूप में जाने जाते हैं। डा. अनिल बिढान ने बताया कि चंद्रशेखर सहारण को जाट हाई स्कूल सोसायटी का प्रशासनिक अधिकारी नियुक्त किए जाने बारे पत्र प्राप्त हुआ है। वे जल्द ही जाट हाई स्कूल सोसायटी का कार्यभार चंद्रशेखर सहारण को सौंप देंगे।


जाट कालेज का मुख्य द्वार।

### चुनाव संबंधी त्रुटियां होगी दूर

चंद्रशेखर सहारण ने बताया कि सरकार व प्रशासन द्वारा उन्हें जो जिम्मेवारी सौपी है, उसे पूरी ईमानदारी व कर्तव्यनिष्ठा से निभाएंगे। वे जल्द ही चुनाव से संबंधित सभी त्रुटियों को दूर करते हुए संस्था का चुनाव करवाएंगे। उन्होंने कहा कि जाट हाई स्कूल सोसायटी का चुनाव करवाना उनकी पहली प्राथमिकता होगी।

### सिल्वर आक इंटरनेशनल स्कूल में साइंस एंड कला प्रदर्शनी का आयोजन

**सीवन।** सिल्वर आक इंटरनेशनल स्कूल में साइंस एंड कला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी का विषय अन्वेषण एक खोज रहा। कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि डॉ. संजय गोयल ने शिरकत की। इसके साथ ही स्कूल संस्थापक संतोष चौधरी, स्कूल निदेशक सुशील बंसल व स्कूल प्रधान साकेत मंगल, डा. बलविंदर जिंदल भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। विद्यार्थियों ने बड़ी बुद्धिमता व अथक प्रयास से अपनी रुचि व योग्यता के अनुसार अलग-अलग विषयों जैसे विज्ञान, हिंदी, अंग्रेजी में भी विभिन्न प्रकार के जीवंत मॉडल, प्रोजेक्ट्स, चार्ट आदि बना कर प्रदर्शित किए।

## धुआं रहित गांव बनेगा गांव माघो माजरी: विधायक

# विकास कार्यों से बदलेगी माघो माजरी और कुतुबपुर की तस्वीर

विधायक लीलाराम ने गांव माघो माजरी में बायो गैस प्लांट और कुतुबपुर में विलेज नॉलेज सेंटर का शिलान्यास किया

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल

विधायक लीलाराम ने गांव माघो माजरी में एक करोड रुपए से बनने वाले बायोगैस प्लांट का शिलान्यास किया। प्लांट तयार होने पर यह गांव धुंआ रहित हो जाएगा, जो कि कैथल जिले का पहला गांव होगा। विधायक ने कहा कि सरकार लोगों की भलाई के लिए अनेकों कार्य कर रही है।

बायोगैस प्लांट गांव में लगने पर गांव वासियों को इस प्लांट से गैस की सप्लाई की जाएगी, जिससे बाजार से कम रेट पर यह गैस लोगों को मिलेगी। विधायक लीलाराम ने कहा कि यह सरकार की शुरूआत है आने वाले दिनों में प्रत्येक गांव में इस तरह के बायोगैस प्लांट लगाए जाएंगे, जिससे लोगों को सस्ते और कम रेट में गैस उपयोग करने के लिए मिलेगी। उन्होंने कहा कि एक वह भी दौर था जब कांग्रेस के राज में गैस के सिलेंडर ब्लैक में बिकते थे और आज भाजपा सरकार का दौर है कि गैस बांटने वाले हर गली और मोहल्ले में ट्रॉली लिए फिरते हैं। हर व्यक्ति के दरवाजे तक गैस सिलेंडर पहुंच रहा है। जो व्यक्ति जितना मर्जी गैस प्रयोग करना चाहे वह प्रयोग कर सकता है।

पहले जब हम लोग शादी ब्याह करते थे तो उस समय गैस की बहुत बड़ी किल्लत होती थी, लेकिन आज चाहे शादी हो चाहे कोई भी फंक्शन हमारे घर परिवार में हो आज गैस की कोई दिक्कत नहीं है। कोई भी व्यक्ति जितने मर्जी चाहे सिलेंडर उठा सकता है। इस मौके पर विनोद कुमार, डॉ बीरबल सिंह, रामकुमार नैन, हरिन्द्र मानस,, विरेन्द्र छौत, बिन्दर मागो माजरी, नसीब सिंह, दलबीर सिंह, लोकेंद्र मानस, कुशलपाल सैन, जगबीर सिंह, पूर्व सरपंच राजेंद्र, राजन सतीश ब्लॉक समिति सदस्य आदि मौजूद रहे।


कैथल। विधायक लीला राम मागोमाजरी में बायोगैस प्लांट का शिलान्यास करते हुए। फोटो: हरिभूमि

### नॉलेज सेंटर का शिलान्यास किया

विधायक लीला राम ने गांव कुतुबपुर में लगभग 70 लाख रुपए से बनने वाले विलेज नॉलेज सेंटर का शिलान्यास किया। विधायक लीलाराम ने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा प्रत्येक गांव में विलेज नॉलेज सेंटर बनाया जाएगा, जिसमें की गांव के सभी कार्यों की मीटिंग कर सके और पंचायत आदि गांव के लोगों ने अगर करनी है, तो इस विलेज नॉलेज सेंटर में कर सकते हैं। आज भारतीय जनता पार्टी लोगों के दिलों में राज कर रही है। भारत अंत्योदय योजना के तहत मोदी की गारंटी वाली गाड़ी प्रत्येक व्यक्ति के दरवाजे तक दस्तक दे रही है। क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जो कहते हैं वह करके दिखाते हैं।

# ईवीएम मशीन का दिया प्रशिक्षण

- श्री कपिलमुनि राजकीय महिला महाविद्यालय में मिली ट्रेनिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल

श्री कपिलमुनि राजकीय महिला महाविद्यालय,कलायत में सभी टीचिंग,नॉन टीचिंग स्टाफ व छात्राओं को ईवीएम मशीन के प्रयोग की ट्रेनिंग दी गई । इस अवसर पर मंच संचालन अंग्रेजी प्राध्यापक डॉ सुनील गर्ग के द्वारा किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत में महाविद्यालय के प्राचार्य राजेश कुमार सैनी द्वारा एडीसी ऑफिस कैथल से आए सभी अतिथि गणों का स्वागत किया गया व उन्होंने छात्राओं को वोट बनवाने और अपने वोट का सही प्रयोग करने की भी सलाह दी । इसके बाद नेशनल लीगल सर्विस अथॉरिटी कैथल से सुनील कुमार ने छात्रों को संबोधित करते हुए बताया कि नालसा का गठन विधि सेवा प्राधिकरण अधिनियम के1987 के तहत किया गया है। इसका काम कानूनी सहायता कार्यक्रम लागू करना और उसका मूल्यांकन एवं निगरानी करना है। साथ ही इस अधिनियम के अंतर्गत कानूनी सेवाएं उपलब्ध कराना भी इसका कार्य है। इसके बाद मनोज कुमार ने छात्राओं को ईवीएम मशीन का डेमो देकर बताया कि किस प्रकार हम अपना वोट डाल सकते हैं।


कैथल। ईवीएम का प्रशिक्षण्सा देते मास्टर ट्रेनर मनोज कुमार। फोटो: हरिभूमि

# राजौंद में ई-अधिगम समीक्षा बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭राजौंद

खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में खंड स्तरीय ईद्अधिगम समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता खंड शिक्षा अधिकारी बलबीर सिंह कश्यप व सी एम जी जी ए श्रुति ने की। बैठक में खंड के सभी बी आर पी स्कूल मुखिया और ए बी आर सी ने भाग लिया। ई अधिगम कार्यक्रम के उद्देश्य के बारे में विस्तारपूर्वक विचार विमर्श करते हुए खंड शिक्षा अधिकारी ने सभी स्कूल मुखियाओं और अध्यापकों तथा विद्यार्थियों के द्वारा प्राप्त की गई टैब का प्रयोग कर जिले और राज्य में टॉप टेन में स्थान बनाने और ई अधिगम अध्यापक छात्रए अध्यापक बनने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम बच्चों को इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी के बारे में भी जागरूक करता है। ई अधिगम नोडल अशोक कुमार बीआरपी, नरेश कुमार आई ओ एल एम, गुलदीप, दीपिका आदि थे।


राजौंद। खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में ई .अधिगम की बैठक के दौरान मौजूद स्कूल मुखिया व अन्य।

### युवा अधिकृत एजेंट के माध्यम से ही जाएं विदेश

**कैथल।** डीसी प्रशांत पंवार ने विशेषकर युवाओं का आह्वान किया है कि वे शिक्षा, रोजगार व अन्य उद्देश्यों के लिए विदेश भेजने का प्रलोभन देकर धोखाधड़ी करने वाले अनाधिकृत एजेंट या एजेंसियों से सावधान रहें। विदेश जाने के लिए अच्छी तरह से पूछताछ कर लें। सरकार द्वारा अधिकृत या मान्यता प्राप्त एजेंट के माध्यम से ही विदेश जाएं।

मान्यता प्राप्त एजेंटों की सूची सरकार की वेबसाईट ईमीग्रेट डॉट जीओवी डॉट ईन पर उपलब्ध है। डीसी प्रशांत पंवार ने यह जानकारी देते हुए बताया कि भारत सरकार के गृह विभाग द्वारा विदेशों में बच्चों को रोजगार, पढ़ाई आदि के लिए भेजने हेतू कंपनियों को अधिकृत किया गया है।

# लेखन को लेकर हुई प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल

प्रख्यात साहित्यकार वर्जीनिया वूल्फ की जयंती मनाने के लिए, अंग्रेजी विभाग ने 27 जनवरी को एमए अंग्रेजी चतुर्थ सेमेस्टर के छात्रों के लिए वर्जीनिया वूल्फ के लेखन के विभिन्न पहलुओं पर एक पावरपॉइंट प्रतियोगिता का आयोजन किया। पीजी छात्रों की छह टीमों (मनदीप, प्रियंका, मोनिका, मोनिका और मनीषा, अनु और कोमल और अंशिका) ने समसामयिक साहित्य पर प्रथम विश्व युद्ध और द्वितीय विश्व युद्ध का प्रभाव वर्जीनिया वूल्फ और विक्टोरियन समाज में लैंगिक मुद्दे जैसे विभिन्न विषयों पर अपने पीपीटी प्रस्तुत किए। नारीवाद और इसके प्रकार और प्रमुख नारीवादी लेखिकाएं उपन्यास टू द लाइटहाउस में नारीवाद । वर्जीनिया वुल्फ को 20वीं सदी के महत्वपूर्ण आधुनिकतावादी लेखकों में से एक माना जाता है। कार्यक्रम का उद्घाटन प्राचार्य डॉ. संजय गोयल ने किया। उन्होंने ऐसे अद्भुत साहित्यिक कार्यक्रमों के आयोजन के लिए एचओडी डॉ. राजबीर पाराशर और कार्यक्रम के संयोजकों को बधाई दी।

कार्यक्रम की संयोजक डॉ. गीता गोयल और डॉ. मंजुला गोयल थीं। अंशिका और प्रियंका, कोमल और ज्योति ने छात्रा समन्वयक की भूमिका निभाई।



कैथल। प्रतियोगिता में अव्वल रहे विद्यार्थी। फोटो: हरिभूमि

# परीक्षा पे चर्चा छात्रों के लिए वरदान : अशोक

- कहा : मोदी मंत्र विद्यार्थियों को तनाव से दूर रहने के बन रहे है रामबाण

हरिभूमि न्यूज ⏭ढांड

भाजपा जिलाध्यक्ष अशोक गुर्जर ढांड ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का परीक्षा पे चर्चा लाइव कार्यक्रम विद्यार्थियों के लिए वरदान साबित होने के साथ मिल का पत्थर साबित हो रहा है, क्योंकि सफलता से कोई भी मुकाम हासिल किया जा सकता है। जिलाध्यक्ष अशोक गुर्जर ढांड कस्बे में स्थित राजकीय कन्या उच्च विद्यालय ढांड में परीक्षा में चर्चा देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लाइव संबोधन में मुख्य रूप से शिरकत करने के दौरान छात्राओं को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में जिलाध्यक्ष अशोक गुर्जर का पहुंचने पर शिक्षा विभाग के अधिकारियों, प्रिंसिपल व स्टाफगण ने फूलों का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। जिलाध्यक्ष अशोक गुर्जर ने छात्राओं को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में विद्यार्थियों को तनाव दूर करने के मंत्र दिए, जो विद्यार्थियों के लिए परीक्षा में रामबाण साबित होंगे। आज का युग प्रतिस्पर्धा का युग है और सफलता सदैव उन्हीं के कदम चूमती है, जो कड़ी मेहनत करने में विश्वास रखते है, क्योंकि मजबूत भविष्य की नींव हमेशा छात्र जीवन से ही रखी जाती है। उन्होंने कहा कि मेहनत करने वाला हर विद्यार्थी हमेशा सफलता की बुलंदियों को छूने के साथ अपने सपनों को साकार कर सकता है, बशर्ते काम के प्रति समर्पण, लग्न व क्षमता हो तो सफलता आगे पीछे घूमती रहेगी। आज बड़े गर्व की बात है कि युवा पीढ़ी अपनी काबलियत व मेहनत के दम पर उच्चपदों पर आसीन होकर देश व प्रदेश के विकास में अपना अहम योगदान दे रहे हैं।


ढांड। भाजपा जिलाध्यक्ष अशोक गुर्जर ढांड में विद्यार्थियों के साथ पीएम का लाइव कार्यक्रम सुनते हुए। फोटो: हरिभूमि

## 200 से ज्यादा मजदूर और 50 से अधिक युवाओं को दे रहे रोजगार

# समिति प्रधान रामफल को किया सम्मानित

- सरकार द्वारा चलाई गई स्कीम का लाभ उठाकर खुद की एक सहकारी समिति बनाई

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल

जहां प्रदेश में बढ़ रही बेरोजगारी को लेकर हर युवा परेशान है। तो वहीं सरकार की स्कीम का लाभ उठा सैकड़ों मजदूर व युवाओं को रोजगार देकर। उनकी जिंदगी को बदलने वाले रामफल कोटडा इस समय जिले के बेरोजगार युवाओं के लिए एक मिसाल के रूप में उभर रहे हैं। जिन्होंने सरकार द्वारा चलाई गई स्कीम का लाभ उठाकर खुद की एक सहकारी समिति बनाई। जिसके द्वारा उन्होंने जिले के 250 से अधिक बेरोजगार युवा व मजदूरों के रोजगार दिया। जिसकी बदौलत आज उनकी समिति को जिले में उत्कृष्ट कार्य करने पर जिले प्रथम स्थान मिला है। बता दें की आज शहर के पिहोवा चौक स्थित दी कैथल जिला सहकारी श्रम एवं निर्माण प्रसंघ लिमिटेड के कार्यालय में जिले की तमाम सहकारी समितियां की वार्षिक बैठक बुलाई गई थी। वर्ष 2022-23 में जिले की सर्वश्रेष्ठ कार्य करने वाली समितियां का लेखा जोखा बताया गया।


कैथल। जिले में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले समिति के प्रधान रामफल कोटडा को सम्मानित करते पदाधिकारी। फोटो: हरिभूमि

### बेरोजगार युवाओं को सरकार की इस योजना का उठाना चाहिए लाभ: रामफल कोटडा

दि खेडी गुलाम अली एल.सी समिति के प्रधान रामपाल कोटडा ने बताया कि सरकार द्वारा बेरोजगार युवाओं को रोजगार देने के लिए प्रदेश में सहकारी समितियों का गठन किया गया है। जिसमें समितियां पंचायती राज, लोक निर्माण विभाग, जन स्वास्थ्य तथा अन्य सरकारी विभागों के सिविल इंजीनियर से लेकर तमाम छोटे-मोटे सारे कार्य कर सकती हैं।जिन समितियों की टर्नओवर ज्यादा है। वह बड़े प्रोजेक्ट पर कार्य कर रही हैं। जैसे पुल का निर्माण,बस स्टैण्ड का निर्माण इत्यादि।



### पाकिस्तान को हरा गोल्ड मेडल जीतकर गांव लौटे खिलाड़ी सुखविंद्र का हुआ भव्य स्वागत

**पूंडरी।** गांव हाबड़ी के रहने वाले खिलाड़ी सुखविंद्र प्रजापति ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर 5ए साइड हॉकी टूर्नामेंट में पाकिस्तान को हराकर गोल्ड मैडल जीतकर अपने देश के नाम किया। गुरबाज सिंह कोच ने बताया कि सुखविंद्र ने ऐसा कर अकादमी, प्रदेश व तथा देश का नाम रोशन किया है। इस मौके पर गोल्ड मेडलिस्ट खिलाड़ी सुखविंद्र प्रजापति का पूंडरी पहुंचने पर ग्रामीणों, युवाओं व खेलप्रेमियों ने भव्य स्वागत किया। ढोल व डी.जे. पर नाचते हुए युवाओं ने फूल मालाओं से खिलाड़ी सुखविंद्र का स्वागत किया।

## खबर संक्षेप



### महिलाओं ने रखा सकट चौथ माता का व्रत

**उचाना।** संतान की लंबी उम्र की कामना के लिए महिलाओं ने सकट चौथ माता का व्रत रखा। दोपहर को महिलाओं ने एकत्रित होकर सकट चौथ माता की कथा की। पं. सत्यनारायण शांडिल्य ने बताया कि इस दिन व्रत करने से भगवान गणेश प्रसन्न होते है। इस व्रत को महिलाएं संतान की दीर्घ आयु के लिए करती है।

### गोभक्तों का आमरण अनशन जारी

**जींद ।** लघु सचिवालय के बाहर गोभक्तों का आमरण अनशन सोमवार को भी जारी रहा। गोभक्त गोशालाओं को सरकार के अधीन करवाने, धड़ौली गोशाला संचालकों के खिलाफ कार्रवाई करने समेत विभिन्न मांगों को लेकर भूख हडताल कर रहे हैं। सोमवार को धरने पर सीटी के छात्र व छात्राएं और कई क्रांतिकारी संगठन के सदस्य पहुंचे। रोडवेज के पदाधिकारी जगदीप लाठर ने भी गोभक्तों के धरने को समर्थन दिया।

### आठ पुलिस कर्मचारियों को दी गई विदाई पार्टी

**कैथल।** पुलिस विभाग से रिटायर्ड होने वाले 8 कर्मचारियों को पुलिस लाइन में आयोजित एक सादा समारोह के दौरान उप पुलिस अधीक्षक ललित कुमार द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए भावभीनी विदाई दी गई। कर्मचारियों में इंस्पेक्टर गुरदेव सिंह , इंस्पेक्टर कश्मीर सिंह, एसआई धर्मपाल निवासी गांव छात्तर जिला जींद, एसआई जसबीर सिंह निवासी अरनैचा जिला कुरुक्षेत्र, एसआई राजबीर सिंह निवासी तलोडा खेड़ी , एसआई नरेंद्र पाल निवासी माडल टाउन, एएसआई रामनिवास निवासी राहड़ा, एचसी सतप्रकाश निवासी जींद शामिल है।

### सटोरिया काबू, नकदी बरामद

**कैथल।** सट्टा खाईवाली का धंधा करने वाले अपराधियों की धरपकड़ के लिए एसपी उपासना के आदेशानुसार चलाई जा रही मुहिम तहत थाना सीवन पुलिस द्वारा एक सटोरिये को काबू कर लिया गया। जिसके कब्जे से 2140 रुपये नकदी बरामद हुई। थाना सीवन पुलिस के एचसी नायब सिंह व एचसी शिव कुमार की टीम को सांयकालीन गश्त दौरान एक गुप्त सूचना मिली की बस स्टैंड पोलड़ के पास एक व्यक्ति सट्टा खाईवाली कर रहा है।

### टीम हरियाणा ने जीता रजत पदक

**उचाना ।** 67वीं राष्ट्रीय स्कूली खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन 16 से 23 जनवरी तक पटना (बिहार) में हुआ। प्रतियोगिता में क्रिकेट टूर्नामेंट अंडर-17 में हरियाणा टीम का नेतृत्व सफा खेड़ी गांव के परीक्षित जांगड़ा ने किया। टीम हरियाणा को टूर्नामेंट में रजत पदक प्राप्त हुआ। परीक्षित जांगड़ा की महत्वपूर्ण भूमिका रही। परीक्षित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सिंघवाल में कार्यरत जेबीटी अध्यापक नरेश कुमार के सुपुत्र हैं। उन्होंने बताया कि इनमें क्रिकेट के प्रति बचपन से ही जुनून है।

## देवीलाल चौक अंडरपास निर्माण कार्य जल्द शुरू करवाया जाए

# जेल के पीछे रेलवे फाटक के नीचे से अंडरपास का कार्य शुरू करने के आदेश

**जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक में सांसद रमेश चंद्र कौशिक ने बैठक की अध्यक्षता की।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक स्थानीय लघु सचिवालय के सभागार में सोमवार को आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सोनीपत लोकसभा क्षेत्र के सांसद रमेश चन्द्र कौशिक ने की। इस मौके पर उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा, जिला परिषद की सीईओ डा. किरण सिंह समेत विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष भी मौजूद रहे। जेल के पीछे रेलवे फाटक के नीचे से अंडरपास का कार्य शुरू करवाने के आदेश बैठक में सांसद रमेश चंद्र कौशिक ने रेलवे विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जेल के पीछे रेलवे फाटक के नीचे से अंडर पास का कार्य जल्दी चालू करवाएं। जींद के जंक्शन के कार्य में और अधिक तेजी लाएं ताकि लोगों को किसी प्रकार की दिक्कत आडे. ना आए। इसके अलावा देवीलाल चौंक पर लॉन के नीचे से पैदल अंडर पास जल्द से जल्द बनाया जाएए ताकि पैदल चलने वाले व्यक्ति को रेलवे लाईन पार जाने मे आसानी हो और जिला में बन रहे अंडरब्रिज को कवर करने के निर्देश दिए ताकि बरसाती सीजन में उनके अंदर पानी न भरे। उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारियों से जींद से गुजरने वाले राजमागारे् के बारे में भी जानकारी ली और कहा कि जींद-गोहाना एक्सप्रैस वे के कार्य को तुरंत पूरा करें और गोहाना रोड पर पड़ने वाले 152 डी पर इंटरचेंज जल्दी बनवाने के निर्देश दिए। सांसद ने जिला में राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम की ग्राऊंड रिपोर्ट जानी और कहा कि यदि जुलाना क्षेत्र में पीने के पानी की कोई समस्या रहती है तो उसे तुरंत प्रभाव से पूरा करें। उन्होंने कहा कि अब जींद से अयोध्या के लिए सीधी फरक्का एक्सप्रैस ट्रैन सर्विस मिलने से जिला वासियों को अयोध्या जाने में सुगमता रहेगी। सांसद आदर्श ग्राम योजना के तहत बराहकलां, सिंघाना, पाजूकलां गांव में जो कार्य चल रहे हैं उनको तेज गति से पूरा करवाएं।



**जींद।** बैठक की अध्यक्षता करते हुए सांसद रमेश कौशिक।


**जींद।** हाडवा ब्लाक पिल्लूखेड़ा में ब्राहमण चौपाल के निर्माण कार्य का उद्घाटन करते सांसद रमेश कौशिक।

### रिंग रोड के कार्य को जल्द शुरू करवाया जाए : मिड्ढा

बैठक मे जींद के विधायक डा. कृष्ण लाल मिढ़ा ने जींद के रिंग रोड को के कार्य को जल्द से जल्द शुरू करने को कहा और बताया कि इस रोड के बनने के बाद शहर के लोगों को अंदर लगने वाले जाम से भी निजात मिलेगी। जींद के विधायक डा. कृष्णलाल मिड्ढा ने अधिकारियों को पटियाला चौक से टेंडरी मोड़ तक अलग से अस्टीमेट बनाकर डिवाइडर बनाने के काम को जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। विधायक ने श्रम विभाग के अधिकारी को निर्देश दिए कि वे उनके पास आने वाले सभी कन्यादान के लाभार्थियों को समय पर भुगतान करें किसी गरीब आदमी के व्यर्थ में विभाग के चक्कर न कटवाएं। बैठक में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, स्वच्छ भारत मिशन, गोबरधन योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना सहित अन्य योजनाओं समेत एक-एक कर जिला में हो रहे विकास कायार्े की समीक्षा की।

### इनका किया उद्घाटन

इससे पूर्व सांसद ने सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजना के तहत गांव हाडवा ब्लाक पिल्लूखेड़ा में ब्राह्मण चौपाल के निर्माण कार्य का उद्घाटन भी किया। इस अवसर पर उनके साथ भाजपा जिला प्रधान राजू मोर, जिला महामंत्री डा. राज सैनी, पूर्व जिलाध्यक्ष डा. ओपी पहल भी उपस्थित रहे।

## डॉ. मधुबाला को कार्यवाहक प्रिंसिपल नियुक्त किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

- प्रधान चौ. तेजवीर सिंह ने कहा कि परिश्रम को देखते हुए जिम्मेदारी दी गई

चौधरी ईश्वर सिंह कन्या महाविद्यालय में डॉ. मधु बाला एसोसिएट प्रोफेसर ऑफ कॉमर्स को महाविद्यालय पूंडरी की कार्यवाहक प्राचार्या नियुक्त किया गया है। सोमवार को उन्हें ये नियुक्ति पत्र कालेज प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष पूर्व विधायक चौ. तेजवीर सिंह ने सौंपा। प्रधान चौ. तेजवीर सिंह ने कहा कि डा. मधुबाला की कार्यकुशलता, मेहनत और परिश्रम को देखते हुए उन्हें ये जिम्मेवारी वर्तमान प्रिंसिपल डा. शशी किरण के सेवा निवृत होने के बाद दी गई। डा. मधुबाला का 01 फरवरी से प्राचार्या का कार्यभार संभालेगी। प्रधान प्रबंधक समिति ने आशा जताई की कार्यवाहक प्राचार्या डॉ. मधु बाला के नेतृत्व में उच्च शिक्षित, योग्य और अनुभवी टीचर्स के अनुभवों से महाविद्यालय शिक्षा के साथ-साथ सांस्कृतिक व खेल के क्षेत्र में अच्छे परिणाम हासिल करेगा।


**पूंडरी।** महाविद्यालय की कार्यवाहक प्रिंसिपल का नियुक्ति पत्र डा. मधुबाला को सौंपते हुए प्रधान तेजवीर सिंह।

### पूर्व विधायक सतविंद्र राणा ने दिया धरने को समर्थन

**राजौंद।** नगर के असंध रोड पर वाटर ट्रीटमेंट प्लांट की जगह कॉलेज बनाने की मांग को लेकर चल रहे धरने के चौथे दिन पूर्व विधायक सतविद्र राणा ने समर्थन किया। धरने की अध्यक्षता किसान यूनियन जिला प्रधान महावीर चहल नरड चढूनी संगठन ने की। इस दौरान पूर्व विधायक सतविद्र राणा ने कहा कि लोगों की मांग जायज है वह लोगों की मांग का समर्थन करते है। उन्होंने कहा की यह स्थान लड़कियों की शिक्षा ग्रहण करने में बहुत ही फायदेमंद स्थान है। जबकि जहां अब कॉलेज की जगह चुनी गई है वह लड़कियों के लिए सही स्थान नहीं है। उन्होंने कहा एक तो यहां बस स्टैंड नजदीक है और मेन रोड पर है। जबकि जहां कालेज बनाया जा रहा है वहां जगह लड़कियों के लिए सुरक्षित स्थान नहीं है। उन्होंने कहा कि 15 से 20 गांवों के लोगों की मांग है की लड़कियों के कालेज यही बनना चाहिए। इन 15 से 20 गांवों के लोगों की मांग को मानते हुए कॉलेज यही बनाना चाहिए ताकि लड़कियों को शिक्षा ग्रहण करने में कोई परेशानी न हो। इस बारे में किसान यूनियन के जिला प्रधान महावीर चहल ने कहा कि वह लोगों की मांग का समर्थन करते हैं और यहां जब तक कॉलेज की जगह नहीं चुनी जाती वह धरने में पूरा समर्थन करते रहेंगे। इस दौरान काका राणा, जयपाल राणा, भीम शर्मा, महिपाल डॉक्टर, तेजपाल, प्रवेश बंटी शर्मा, सुरेंद्र, किसान यूनियन चढूनी गुट जिला महासचिव कृष्ण मालखेडी युवा उपाध्यक्ष नरेंद्र मागो माजरी, जोगिंदर कैलरम, तेजा गिल, शहरी प्रधान सोनू बडसीकरी, बलकार खुराना, राकेश राणा, कर्ण सिंह वाल्मीकि, दीपक राणा, किरण पाल सहित मौजूद रहे।

## एसडी महिला कॉलेज की छात्राओं ने किया देश का नाम रोशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना

एसडी महिला महाविद्यालय नरवाना की छात्राओं ने 5 जनवरी से 19 जनवरी तक मलेशिया में आयोजित अंतरराष्ट्रीय कबड्डी चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल जीतकर न केवल जिला और राज्य का बल्कि पूरे भारतवर्ष का नाम रोशन किया। इस प्रतियोगिता में महाविद्यालय की पांच खिलाड़ियों सुमित कुमारी, दीपक रानी, रीनू, ज्योति, मोनिका ने भाग लिया। इनमें से तीन छात्राएं एनसीसी में भी है। महाविद्यालय प्राचार्या डॉ अंजना लोहान ने खेल प्रशिक्षक मनीषा के साथ-साथ छात्राओं को बधाई देते हुए उन्हें जीवन में इसी प्रकार आगे बढ़ते रहने की प्रेरणा दी। छात्राओं की इस उपलब्धि पर संस्था के प्रधान सुरेश सिंघल, उप प्रधान राजकुमार गोयल, सचिव जियालाल गोयल ने विजेता छात्राओं को बधाई दी।


**नरवाना।** गोल्ड विजेता खिलाडी छात्राओं के साथ कॉलेज प्राचार्य व अन्य स्टाफ सदस्य।

## जॉब ऑफर का प्रलोभन देकर सोशल मीडिया पर की जा रही ठगी

**कैथल।** एसपी उपासना ने साइबर फ्रॉड बारे जानकारी देते हुए कहा कि तकनीक के इस युग में लगभग हर व्यक्ति कंप्यूटर अथवा मोबाइल से जुड़ा हुआ है। ऐसे में साइबर अपराधी भी अपराध करने के नये नये तरीके अपना रहे है । आए दिन लोग साइबर ठगी का शिकार हो रहे हैं। साइबर ठगों द्वारा सोशल मीडिया पर लोगों को विभिन्न प्रकार के प्रलोभन देकर ठगी की वारदातों को अंजाम दिया जा रहा है इनमे से एक ऑनलाइन पार्ट टाइम जॉब ऑफर का झूठा प्रलोभन देकर लोगों के साथ ठगी करने का नया तरीका सामने आया है। लोगों को जॉब का ऑफर दिया जा रहा है।

# फिर गिरी रेलवे की दीवार, प्रशासन नहीं ले रहा सुध

- कंडम हो चुकी दीवार गिरने से लोगों में डर का माहौला बना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना

नपा के पुराने कार्यालय के सामने वार्ड नंबर 7 के लगती रेलवे की दीवार जो जर्जर हो चुकी है वो गिरनी शुरू हो गई है। कुछ दिन पहले दीवार गिरने के बाद अब फिर से दीवार मालगोदाम की तरफ गिरी है। कई बार जर्जर हो चुकी इस दीवार के निर्माण की मांग कर चुके है लेकिन निर्माण नहीं हो रहा है। आज से करीब 28 साल पहले इस दीवार का निर्माण रेलवे ने करवाया था। निरंतर दीवार जर्जर होने पर खुद लोग अपने खर्च पर रिपेयर दीवार की करवाते आ रहे है। अब तो दीवार इतनी जर्जर हो चुकी है कि वो गिरने लगी है।

नौरंग, सोनू, रामनिवास, संदीप, दीपांशु ने कहा कि वार्ड के लोग जींद रेलवे के अधिकारियों से भी दीवार निर्माण को लेकर मिल चुके है। दीवार इतनी जर्जर हो चुकी है कि ये अब अपने आप गिरने लगी है। दोनों बार दीवार रेलवे मालगोदाम की तरफ गिरी है। गली की तरफ अगर दीवारी करती तो किसी को चोट लग सकती थी। दीवार जर्जर होने के चलते गली में अगर बच्चे खेलते है तो डर बन रहता है। गली में दीवार के सहारे अब महिलाएं बैठ भी नहीं सकती है। सर्दी के मौसम में अलाव जला कर महिलाओं की टोली दीवार के सहारे बैठ जाया करती थी। उन्होंने कहा कि रेलवे फाटक के पास कंक्रीट की दीवार का निर्माण रेलवे द्वारा करवाया गया है।


**उचाना।** नपा के पुराने कार्यालय के सामने वार्ड नंबर 7 में गिरी रेलवे की दीवार।

### रेलवे करेगी निर्माण

नगर पालिका चेयरमैन विकास काला ने बताया कि रेलवे की दीवार का निर्माण रेलवे कर सकती है इसलिए नपा भी इस दीवार का निर्माण नहीं कर पा रही है। रेलवे उच्चाधिकारियों को नपा की तरफ से जर्जर हो चुकी दीवार का निर्माण जनहित में करवाने के लिए पत्र लिखा जाएगा।



**सफीदों।** विजेता छात्र-छात्राओं के साथ प्राचार्या डा. तनाशा हुड्डा व अन्य।

### विजेता विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित

**सफीदों ।** सीआरएसयू जींद द्वारा आयोजित इंटर जोनल यूथ फेस्टिवल में राजकीय महाविद्यालय सफीदों के छात्र छात्राओं ने मेल सोलो डांस में प्रथम व हरियाणवीं पोप सांग, हरियाणवीं गजल व इंडियन लाईट वोकल में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। विजेता बच्चों का कालेज में पहुंचने पर अभिनंदन किया गया। अभिनंदन समारोह की अध्यक्षता कालेज प्राचार्या डा. तनाशा हुड्डा ने की। इस मौके पर प्राध्यापिका डा. अंजू रानी शर्मा विशेष रूप से मौजूद थीं। प्राचार्या ने विजेता विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कालेज की ओर से प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। अपने संबोधन में प्राचार्या डा. तनाशा हुड्डा ने कहा कि विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ सांस्कृतिक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए। प्रतियोगिताओं में भाग लेने से बच्चों का चहुंमुखी विकास करता है और जीवन में आगे बढ़ने का मौका मिलता है।

## 102 लोगों के स्वास्थ्य की जांच

- निरोगी हरियाणा योजना तथा एनसीडी के तहत लोगों को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अलेवा

स्वास्थ्य विभाग की टीम ने नगूरां गांव में निरोगी हरियाणा योजना तथा एनसीडी के तहत एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम ने स्वास्थ्य निरीक्षक नरेंद्र ढांडा के नेतृत्व में 102 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की।

जिसमें सात लोगों को बीपी व शुगर ज्यादा होने के चलते पीएचसी नगूरां पर रैफर किया। लोगों को जागरूक करते हुए स्वास्थ्य निरीक्षक ने कहा कि निरोगी हरियाणा योजना का उद्देश्य गरीब व आर्थिक रूप से कमजोर जिनकी वार्षिक आय एक लाख 80 हजार से कम तथा चिरायु योजना के तहत जिनकी आय वार्षिक तीन लाख से कम उनको सरकार से मान्यता प्राप्त प्राइवेट व सरकारी अस्पताल में 5 लाख तक मुप्त में ईलाज किया जाता है। इस स्कीम के तहत नागरिकों की संपूर्ण सामान्य जांच ऊंचाई, वजन, बीपी व लैब टेस्ट फ्री किए जाते हैं। वहीं एनसीडी कार्यक्रम के तहत 30 वर्ष से ऊपर आयु वाले लोगों की मधुमेह, कैंसर, श्वसन रोग, हृदय रोग, शुगर आदि बीमारियों की जांच की गई।


**अलेवा।** नगूरां गांव में ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जांच करती स्वास्थ्य विभाग की टीम।


**सफीदों।** डीएसपी को ज्ञापन देते हुए भगवान परशुराम सेना के सदस्य।

### धड़ौली गोशाला मामले में डीएसपी को सौंपा ज्ञापन

**सफीदों ।** उपमंडल के गांव धड़ौली में गाय की खाल व अवशेष की वीडियो वायरल होने के मामले में भगवान परशुराम सेना व गौ सेवा दल हरियाणा के सदस्यों ने सोमवार को सफीदों डीएसपी आशीष कुमार को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में गौभक्तों ने गांव धड़ोली में गौमाता के ऊपर अत्याचार करने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन देने आए गौभक्त हरिओम भारद्वाज, रणबीर कंडेला, कोबरा खांडा, सुमित दहिया, हरिप्रकाश बिट्टा, गच्चू भंभेवा, रविंद्र, दीपू, विजय, महीपाल, दीपक, हरपाल ने कहा कि जिन लोगों ने धड़ौली गौशाला में गौमाता की खाल उतारने का काम किया और गौमाता को तडफाया, उनके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए। साथ ही गौशाला की पूरी कमेटी के खिलाफ भी कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि गौ हमारी माता है, माता को कभी भी काटा नहीं जाता बल्कि उसकी मृत्यू के उपरांत उसे दफनाया जाता है।

## एमपी घूमने गया चोरों ने घर के समान पर हाथ फेर दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

पूंडरी में आसपास के क्षेत्र में निरंतर चोरों के हौसले बढ़ते जा रहे हैं। बीती रात पूंडरी की पांच पीर मोहल्ले में एक दंपति मध्य प्रदेश पिछले 10-12 दिनों से घूमने के लिए गया हुए थे। खाली मकान देखकर के चोरों ने अंदर घुसकर के पूरे घर की छानबीन कर नगदी, जेवर व कीमती समान चुराकर ले गए। चोरी होने का पता तब चला जब पड़ोसियों ने सुबह गेट के ताला टूटे हुए मकान खुला हुआ देखा तो शक हुआ । जिसके बाद पड़ोसी प्रीतम सिंह व गुरनाम सिंह ने चोरी होने की संभावना को देखते हुए इसकी सूचना पुलिस चौकी को दी।


**पुडंरी।** चोरी हुए मकान में जांच करती हुई चौकी पुलिस। फोटो: हरिभूमि

### की जा रही जांच

उन्हें सूचना मिली थी और उन्होंने मौके पर आकर देखा तो मकान के ताले टूटे व समान बिखरा हुआ पड़ा था। मकान से कितने का नुकसान हुआ है यह मकान मालिकों के आने के बाद पता चल पाएगा, लेकिन पुलिस चोरों का पता लगाने के लिए आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। -एएसआई सुखबीर सिंह

## जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में जैस्मीन व तमन्ना प्रथम रही

**नरवाना।** प्रियदर्शनी इंदिरा गांधी राजकीय महिला महाविद्यालय जींद में आयोजित जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में के एम राजकीय महाविद्यालय नरवाना की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता में जूलॉजी विषय में जैस्मिन व तमन्ना बीएससी द्वितीय वर्ष नॉन मेडिकल की छात्राओं की टीम विजेता रही। इन छात्राओं के मॉडल का विषय था रोल ऑफ प्राइम एडिटिंग जिसमें उन्होंने थैलेसीमिया जैसी बीमारी व ऐडस तथा कैंसर जैसी लाइलाज बीमारियों को भविष्य में इस तकनीक से किस प्रकार ठीक किया जा सकता है को प्रस्तुत किया। कॉलेज पहुंचने पर महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ मीनू ने विजेता को सम्मानित किया।

## स्थिति स्पष्ट होने के बाद ही रखवाया जाएगा बूथः प्रिंसिपल

# दूध का बूथ रखने को लेकर विरोध, पहुंचे अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला-चीका

चीका के राजकीय स्कूल में रखे जाने वाले वीटा दूध के बूथ की खिड़की मुख्य सडक पर निकाले जाने को लेकर स्थानीय लोगों द्वारा किए गए विरोध के बाद सोमवार को डेयरी विभाग के असिस्टेंट मैनेजर देवेंद्र त्यागी व एक अन्य अधिकारी ने चीका स्कूल पहुंच पूरे मामले की जानकारी ली। इन अधिकारियों ने बूथ रखने को लेकर उठे विवाद के संबंध में स्कूल प्रिंसिपल अशोक कुमार व एसएमसी प्रधान कुलदीप सिंह से बात की। स्कूल प्रिंसिपल अशोक कुमार ने डेयरी विभाग के अधिकारियों को बताया कि स्कूल में दूध का बूथ रखे जाने को लेकर शिक्षा विभाग से जो पत्र प्राप्त हुआ है उसमें बूथ की खिड़की मुख्य सड़क पर खोले जाने के संबंध में कोई लिखित आदेश नहीं हैं। अशोक कुमार ने बताया कि इसी को लेकर स्थानीय लोग विरोध जता रहे हैं।


**गुहला-चीका।** डेयरी विभाग के अधिकारी चीका स्कूल के प्रिंसिपल अशोक कुमार व एसएमसी प्रधान कुलदीप सिंह से बात करते हुए।

### स्कूल नहीं चाहते तो सड़क पर नहीं रखी जाएगी खिड़की

आज चीका स्कूल पहुंचे डेयरी विभाग के असिस्टेंट एरिया मैनेजर देवेंद्र त्यागी ने बताया कि करनाल, कुरक्षेत्र व कैथल जिलों के 21 स्कूलों में वीटा दूध के बूथ खोले जाने हैं। ये बूथ केवल स्कूली बच्चों के लिए है। इन बूथों की खिडकी सड़क पर खोले जाने को लेकर विभाग के लिखित आदेश नहीं है। यदि कोई स्कूल सड़क पर खिड़की नहीं रखवाना चाहता तो विभाग जबरदस्ती खिड़की नहीं खुलवाएगा।

### उच्च अधिकारियों के साथ साथ सीएम से करेंगे शिकायत

चीका स्कूल में रखे जाने वाले दूध के बूथ का एक रास्ता सडक पर रखे जाने के मामले पर विरोध जताते हुए सामाजिक कार्यकर्ता एडवोकेट दलबीर नैन, जगजीत सिंह, रिंकू, नरेश कुमार व पाला ने कहा कि स्कूलों में दूध के बूथ रखने की आड़ में कुछ लोग स्कूल की जमीन पर कब्जा करने की फिराक में हैं। इन लोगों ने कहा कि वे बूथ रखने के पक्ष में हैं लेकिन इस आड़ में स्कूल की जमीन पर किसी भी सुरत में कब्जा नहीं करने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि वे इस संबंध में जल्द ही उच्च अधिकारियों के साथ साथ प्रदेश के मुख्यमंत्री को पत्र लिख पूरे मामले को उनके संज्ञान में लाएंगे और ऐसे लोगों पर नकेल कसने की मांग करेंगे।